संoसंo—16 / एम.1—92 / 2025

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**उपेन्द्र राम,**

सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**

वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग,ऐनेक्सी ब्लॉक 3, भूतल,

पुराना सचिवालय, पटना—800015

**पटना, दिनांक—**

**विषयः— सिवान जिला में कार्यरत नवनियुक्त यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध** में।

**प्रसंगः— वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग का पत्रांक PCFC/MED/RACS/2024/0640/2088(25) dated 27-12-2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 08 / 2020 के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या—305(आ.चि.), दिनांक—14.03.2024 द्वारा यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण / जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण तदुपरांत आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0—743(आ.चि.), दिनांक—19.07.2024 द्वारा यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अ0प्रा0 स्वा0केन्द्र / अनुमंडलीय अस्पताल / सदर अस्पताल आदि में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

विभागीय पत्रांक 1397(आ0चि0) दिनांक 20.12.2024 द्वारा नवनियुक्त यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अविध को कतिपय शर्तों के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा विनियमन की शर्तें पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत हैः—

13/08/2025

D:\Sunil ji\viniyaman\Letter siwan.docx

Scanned with OKEN Scanner

| क्र० सं० | पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | वर्तमान पदस्थापन स्थल | अवधि जिनका विनियमन किया जाना है। | अवकाश उपभोग की सूचना | यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या | यदि वेतन पुर्जा निर्गत नहीं हुआ है तो PRAN/GPF संख्या | सेवा विनियमन के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डा० मो० आशिफ इकबाल, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी | अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुरजपुरा, वसन्तपुर, सिवान | दिनांक 16.03.2024 से 22.07.2024 तक कुल– 129 दिन | – | 04112425055203 | – | पदस्थापन की प्रतीक्षा में |
| 2 | डा० जमशेद आलम, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरौंदा, सिवान | दिनांक 18.03.2024 से 22.07.2024 तक कुल– 127 दिन | – | 25102425054612 | – | पदस्थापन की प्रतीक्षा में |
| 3 | डा० रजिया सुल्ताना, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी | अतिरिक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, करसौत, दरौंदा, सिवान | दिनांक 19.03.2024 से 22.07.2024 तक कुल– 126 दिन | – | 28102425054782 | – | पदस्थापन की प्रतीक्षा में |

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के अवर सचिव

**ज्ञापांक–16/एम.1–92/2025** -1259 (आ० चि०) **पटना, दिनांक–** 13.8.2026

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–सिविल सर्जन, सिवान/कोषागार पदाधिकारी, सिवान/संबंधित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/संबंधित सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/08/2025

सरकार के अवर सचिव

D:\Sunil ji\viniyaman\Letter siwan.docx

Scanned with OKEN Scanner